प्रेषक,

मनु गुप्ता,
अपर सिविल जज(जू0डि0)/न्यायाधिकारी,
ग्राम न्यायालय, तहसील केराकत, जिला जौनपुर।

सेवा में,

माननीय महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
जौनपुर।

विषय– **एल0एम0एम पत्राचार में दाखिला हेतु–**

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी **मनु गुप्ता** की प्रथम नियुक्ति उ0 प्र0 सरकार की अधिसूचना/नियुक्ति सं0–603/11.04.2019 दिनांकित 28.11.2019 एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की अधिसूचना सं0–4215/एडमिन.(सर्विसेज)/2019 दिनांकित 13.12.2019 एवं स्थानीय व्यवस्था के अंतर्गत माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा पारित प्रशासकीय आदेश संख्या–105/2019 दिनांकित 16.12.2019 के अनुपालन में प्रार्थी ने दिनांक 16.12.2019 को बतौर अपर सिविल जज(जू0डि0) न्यू कोर्ट चतुर्थ, जौनपुर में कार्यभार ग्रहण किया था। न्यायिक सेवा में आने के पश्चात प्रार्थी एल0 एल0 एम0 (पत्राचार) पाठ्यक्रम में दाखिला लेना चाहता है, जिसके सम्बंध में माननीय महोदय की अनुमति अनिवार्य है। प्रार्थी उपरोक्त एल0एल0एम0 **डायरेक्टोरेट आफ डिस्टेंस ऐजुकेशन कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरूक्षेत्र** में संचालित पत्राचार पाठ्यक्रम में दाखिला एवं उसी के अनुक्रम में परीक्षाओ में सम्मिलित होना चाहता है।

वांछित पाठ्यक्रम एक पत्राचार पाठ्यक्रम है, जिसमें कोई भी नियमित कक्षाएं सचांलित नही करायी जायेगी एवं न ही उपस्थिति आवश्यक है! चूंकि पाठ्यक्रम पत्राचार स्वरूप का है, अतः प्रार्थी को किसी भी प्रकार के अध्ययन अवकाश की आवश्यकता नही है। प्रार्थी अपना अध्ययन स्व–अध्ययन के आधार पर ही पूर्ण करेगा।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी को सत्र 2020 में उपरोक्त विश्वविद्यालय में संचालित एल0 एल0 एम0 (पत्राचार) पाठ्यक्रम में दाखिला लेने एवं इसे अगले सत्र में जारी रखने की अनुमति प्रदान करने की महति कृपा करें।

सादर।

भवदीय,

Manu Gupta

(मनु गुप्ता)
अपर सिविल जज(जू0डि0)/न्यायाधिकारी,
ग्राम न्यायालय, तहसील केराकत, जिला जौनपुर।

दिनांक–19.10.2020

कार्यालय जनपद न्यायाधीश जौनपुर
पत्रांक J.S. 1679/XV **दिनांक** 21.10.2020
अग्रसारित

जनपद न्यायाधीश
जौनपुर
21.10.2020